BRAMPTON

Media Release

तुरंत रिलीज के लिए

रेन्स पैट्स ने कुत्ते और बिल्ली के लाइसेंसिंग प्रोग्राम के लिए सिटी ऑफ ब्रैम्पटन के साथ साझेदारी की

ब्रैम्पटन, ओनटैरियो (28 जनवरी, 2023) – पालतू जानवरों के भोजन और सामान की प्रमुख कैनेडियन स्पैशलिटी रिटेलर, रेन्स पैट्स (Ren's Pets) ने, कुत्ते और बिल्ली के लाइसेंसिंग प्रोग्राम में सहायता के लिए सिटी ऑफ ब्रैम्पटन के साथ साझेदारी की है। ब्रैम्पटन के निवासियों को अब, रेन्स पैट्स में खरीदारी करने के लिए 20 डॉलर का वाउचर मिलेगा, जब वे ब्रैम्पटन एनिमल सर्विसिज (Brampton Animal Services) के पास अपने कुत्ते या बिल्ली को रजिस्टर करेंगे और अपने पालतू जानवर के लिए उनका वार्षिक लाइसेंस खरीदेंगे।

म्युनिसिपल एनिमल कंट्रोल बाइ-लॉज (Animal Control By-laws) के अंतर्गत, ब्रैम्पटन में सभी कुत्तों और बिल्लियों का प्रत्येक कैलंडर वर्ष में सिटी के पास लाइसेंसशुदा होना आवश्यक है। निवासी, ऑनलाइन, खुद जाकर, टेलिफोन या डाक के द्वारा पालतू जानवरों के लाइसेंस ले सकते हैं। इसके मूल्य और पूरे विवरणों के लिए, www.brampton.ca/animalservices पर जाएं।

रेन्स पैट्स के सी.ई.ओ. स्कॉट अर्सनॉल्ट (Scott Arsenault) ने कहा, "हम पालतू जानवरों के जिम्मेदार स्वामित्व में सहायता के लिए, इस प्रोग्राम में सिटी ऑफ ब्रैम्पटन के साथ साझेदारी करके बहुत खुश हैं।" उन्होंने आगे कहा, "रेन्स, लोकल कम्युनिटीज के साथ अर्थपूर्ण साझेदारियां करने के लिए प्रतिबद्ध है, जैसे कि ब्रैम्पटन में यह साझेदारी की गई है, ताकि पालतू जानवर अपनी ज़िंदगी बेहतर ढंग से जी सकें। हमने 18 जुलाई, 2021 में अपना ब्रैम्पटन का स्टोर खोला था और क्षेत्र में शानदार पालतू जानवरों के कुछेक बहुत ही अच्छे और जोशीले मालिकों से मिले।"

सिटी ऑफ ब्रैम्पटन के एनिमल सर्विसिज मैनेजर, माइक मुलिक (Mike Mulick) ने कहा, "सिटी ऑफ ब्रैम्पटन, अपने लाइसेंसिंग साझेदारों में से एक के तौर पर, रेन्स पैट्स को शामिल करने पर बेहद खुश है। हमारा लगातार लक्ष्य, हमारी कम्युनिटी के कुत्ते और बिल्ली मालिकों को रिवॉर्ड देना है, जब वे 2023 के लिए अपने लाइसेंस खरीदेंगे या उनका नवीकरण करेंगे।" उन्होंने आगे कहा, "आज ही अपना लाइसेंस खरीदने के लिए ऑनलाइन जाएं, यह जिम्मेदारी वाला काम है।"

रेन्स पैट्स में वी.पी. ऑफ ईकॉमर्स एंड मार्किटिंग, लारिसा वासीलिव ने बताया, "यह, ब्रैम्पटन में कुत्ते और बिल्ली मालिकों के लिए अपने पालतू जानवरों के लाइसेंस लेने के लिए बहुत ही शानदार तरीके से फायदेमंद है।" उन्होंने आगे कहा, "20 डॉलर के वाउचर का प्रयोग, उनके पालतू जानवरों के लिए भोजन, ट्रीट्स, खिलौने या और कुछ खरीदने के लिए रेन्स में किया जा सकता है। रेन्स में सर्वश्रेष्ठ, अच्छी किस्म के प्रीमियम ब्रांड और हर उस चीज के बहुत-से प्रकार हैं, जो आपके अपने कुत्ते और बिल्ली के लिए चाहिए। खास तौर पर जब उनके खाने, सूखे, गीले या कच्चे भोजन की बात होती है। यह बहुत अच्छी बात है कि लोग, जिम्मेदार मालिक बनने के साथ-साथ अपने कुत्तों के लिए लाइसेंस लेते हुए, रेन्स से कुछ न कुछ प्राप्त कर सकेंगे।"

ब्रैम्पटन में अपने पालतू जानवर के लाइसेंस के बारे में यहां अधिक जानकारी लें: www.brampton.ca/animalservices

रेन्स पैट्स ब्रैम्पटन, ट्रिनिटी कॉमन्स (Trinity Commons) में 200 ग्रेट लेक्स ड्राइव (200 Great Lakes Drive) में स्थित है।

ब्रैम्पटन स्टोर में अच्छी किस्म के कुत्ते और बिल्ली के भोजन वाले गलियारों के साथ 8,000 उत्पाद, ट्रीट्स और खिलौनों के डिस्पले, खास ग्रूमिंग और वॉक इन फ्रीज़र हैं।

अपने पालतू जानवरों को हमारे जानकार स्टाफ से मिलने के लिए लाएं और किसी भी समय हमारे इन-स्टोर स्केल्स पर उनका वजन करवाएं।

-30-

रेन्स पैट्स के बारे में

रेन्स पैट्स एक प्रमुख कैनेडियन स्पैशलिटी रिटेलर है, जिसके ओनटैरियो और मैरीटाइम्स में 45 स्टोर हैं (और बढ़ रहे हैं) और यह राष्ट्रीय तौर पर सर्वश्रेष्ठ ईकॉमर्स साइट शिपिंग कंपनी है। इस कंपनी की स्थापना 1975 में हुई थी और इसके हेडक्वार्टर गल्फ, ओनटैरियो में हैं। अगस्त 2021 में लीगॉल्ट ग्रुप के द्वारा इसे ग्रहण किया गया था। रेन्स में, आपके पालतू जानवर की बेहतर ज़िंदगी के लिए, पालतू जानवरों के भोजन, ट्रीट्स और खिलौनों सहित अन्य सामान का विशाल संग्रह है। रेन्स, बढ़िया किस्म के प्रोफेशनल ग्रूमिंग सामान में इंडस्ट्री लीडर है। रेन्स का प्रोमिस गारंटीज स्टाफ, आपको आपके पालतू जानवर के लिए बढ़िया भोजन ढूंढने में मदद करेगा। रेन्स के रिवॉर्ड प्रोग्राम से आप ऑनलाइन या स्टोर में मुफ्त भोजन प्राप्त कर सकते हैं और पॉइंट्स रीडीम कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए, renspets.com पर जाएं या वी.पी. ऑफ ईकॉमर्स एंड मार्किटिग, लारिसा वासीलिव को larissa.wasyliw@renspets.com पर संपर्क करें।

कैनेडा में सबसे अधिक तेजी से बढ़ने वाले शहरों में से एक के तौर पर, ब्रैम्पटन 70,000 लोगों और 75,000 कारोबारियों का घर है। हम जो भी करते हैं, लोगों को ध्यान में रखते हुए करते हैं। हम अपने विविध समुदायों से उत्साहित होते हैं, हम निवेश को आकर्षित करते हैं और हम तकनीक और वातावरण संबंधी नवीनता को आगे बढ़ाने के सफर पर हैं। हम एक ऐसा स्वस्थ शहर बनाने में प्रगति के लिए सहभागिता करते हैं, जो सुरक्षित, स्थिर व सफल हो। हमारे साथ Twitter, Facebook, और Instagram पर जुड़ें। www.brampton.ca पर और जानें।

मीडिया संपर्क
सिटी ऑफ ब्रैम्पटन मल्टीकल्चरल मीडिया
multiculturalmedia@brampton.ca